दिनांक—09.04.2024 समय—7.10एएम

**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

**मुख्य समाचार :—**

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार में आई तेजी। आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री की बालाघाट में रैली।
- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये कुल 88 उम्मीदवार मैदान में।
- आज नव संवत्सर, गुड़ी पड़वा के साथ चैत्र नवरात्रि की शुरूआत। मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं का आना जारी।
- आईपीएल क्रिकेट में चेन्नई ने कोलकाता को हराया। आज पंजाब का मुकाबला हैदराबाद से।

**चुनाव प्रचार—पीएम**

वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन में दूसरी बार मध्यप्रदेश आ रहे हैं। उन्होंने रविवार को जबलपुर में रोड शो किया था। श्री मोदी आज दोपहर बालाघाट के उत्कृष्ट मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री की सभा को लेकर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। वहीं, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में अपने प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए कल सिवनी और शहडोल में दो जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस के घोषणा पत्र में किए गए वादों का उल्लेख किया। भाजपा, कांग्रेस सहित सभी पार्टियों के प्रादेशिक नेता पहले चरण के लिए जमकर प्रचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव आज मैहर में आमसभा को सम्बोधित करेंगे। जिसके बाद बालाघाट पहुंचगे।

**दूसरे चरण में 88 अभ्यर्थी**

प्रदेश में लोकसभा के चुनाव के दूसरे चरण की सात सीटों पर कुल 88 उम्मीदवार मैदान में है। कल नाम वापसी के अंतिम दिन 5 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि बताया कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ में 7, दमोह में 14, खजुराहो में 14, सतना में 19 अभ्यर्थी, के साथ लोकसभा संसदीय क्षेत्र रीवा में 14, होशंगाबाद में 12 और लोकसभा की बैतूल सीट पर 8 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गये हैं। इन अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https:affidavit.eci.gov.in पर देखी जा सकती हैं। दूसरे चरण के लिए शुक्रवार, 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी। नाम वापसी के अंतिम दिन कल टीकमगढ़ में 1, दमोह में 2, सतना में 1 और बैतूल मे 1 अभ्यर्थी ने अपने नाम निर्देशन पत्र वापस लिया है।

**मतदाता जागरुकता**

प्रदेश में मतदाता जागरुकता के लिए प्रयास जारी है। झाबुआ में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के 60 छात्रों ने जागरुकता कार्यक्रम में भाग लिया। नर्मदापुरम के शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना और निर्वाचन साक्षरता क्लब की छात्राओं ने शत—प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। डिडौरी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप प्लान के तहत "नौ— दिन, नौ—दान" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रायसेन जिले के बाड़ी विकासखण्ड के ग्राम धौखेड़ा में तथा सांची विकासखण्ड के ग्राम पीपलखिरिया में स्वीप प्लान के तहत जागरूकता रैली, रंगोली, दीवार लेखन, मेहंदी सहित अन्य स्वीप गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को आगामी 07 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

**जनता की आवाज—आकाशवाणी के साथ**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज—आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और

निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे... और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

## हिन्दू नव वर्ष

आज से नव संवत्सर 2081, गुड़ी पड़वा के साथ ही चैत्र नवरात्रि की भी शुरुआत हो रही है। इस अवसर पर प्रदेश के मंदिरों में सुबह से श्रृद्धालुओं का आना जारी है। उज्जैन में आज शिव ज्योति अर्पणम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शाम 7 बजे से रामघाट में 5 लाख दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। यह दीप राम घाट, दत्त अखाड़ा ,नर्सिंग घाट और गुरुद्वारा घाट पर प्रज्वलित होंगे। खंडवा में शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्रि की शुरुआत हो रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भवानी माता, नवचंडी, शीतला माता, बिजासन माता सहित शहर के माता मंदिरों में पहुंचने लगे हैं। सतना की धार्मिक नगरी मैहर में आज चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नौ दिवसीय नवरात्र मेला प्रारंभ हो रहा है। 17 अप्रैल तक चलने वाले मेले के लिए मैहर कलेक्टर ने कल प्रशासनिक और राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। देवी आराधना का पर्व चैत्र नवरात्री की शुरूआत आज आगरमालवा जिले में घट स्थापना के साथ हो रही है। जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मन्दिर, आगरमालवा के तुलजा भवानी मंदिर तथा ग्राम बीजानगरी के हरसिद्धी माता मंदिर सहित जिले के विभिन्न माता मंदिरों में विषेष साज सज्जा और आकर्षक रोषनी की गई है। देवास की माता टेकरी और अन्य देवी मंदिरों में भी आज से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हरा दिया है। 138 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई की टीम 17 ओवर 4 गेंद में 3 विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 58 गेंदों पर नाबाद 67 रन बनाये।

आज पंजाब किंग्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से होगा।

## कुछ समाचार संक्षेप में .....

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज उज्जैन में विक्रम विश्वविद्यालय के 28वे दीक्षान्त समारोह में शामिल होंगे। प्रातः 10 बजे विक्रम विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित होगा।
- देश में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के मौके पर निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी की है। यह अवकाश सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में रहेगा।
- भोपाल राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सरकारी खाते से 19.48 करोड़ रुपए प्राइवेट खाते में ट्रांसफर करने के मामले पुलिस ने यूनिवर्सिटी के तत्कालीन रजिस्ट्रार आरएस राजपूत, रिटायर फाइनेंस कंट्रोलर ऋषिकेष वर्मा, तत्कालीन कुलपति प्रो. सुनील कुमार की संपत्ति कुर्क करेगी। पुलिस ने इनके खिलाफ 3 मार्च को मामला दर्ज किया था।
- नर्मदापुरम जिले में कल बनखेड़ी में बारिश के साथ ओले गिरे, जिससे गन्ने और आम की फसलों को नुकसान होने की संभावना है। वहीं ओले गिरने से कुछ स्थानों पर खड़ी गेहूं की फसल प्रभावित होने की आशंका जताई है, जबकि कटा हुआ गेहूं खलिहान में भीग गया है।
- वही मंडला जिले में भी कल शाम तेज हवाओं के साथ बारिश और ओले गिरे। देर रात भी गरज चमक के साथ जोरदार बारिश हुई है। बारिश होने से गेहूं की कटाई कार्य प्रभावित हुआ है।
- मुरैना कलेक्टर अंकित अस्थाना ने कल कहा कि गेहूं उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यक सुविधायें रखीं जाये। उपार्जन के समय किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका ध्यान रखा जाए।

———————————